हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, शुक्रवार 19 सितंबर 2025



# मानव मंदिर चौक स्थित मेडिकल से 7 लाख की चोरी, अन्य स्थानों पर भी टूटे ताले

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर में बढ़ते क्राईम के बीच अब चोरी के मामलों में इजाफा देखने को मिल रहा है। अपराधियों के हौसले इतने बुलंद हो गए हैं कि बीच चौक में भी वारदात करने से पीछे नहीं हट रहे हैं। बेखौफ चोरों ने बीती रात शहर के मुख्य चौक स्थित मेडिकल दुकान में छत की ओर से प्रवेश कर नगदी रकम 7 लाख रुपए पार कर दिया। वहीं मोहारा रोड स्थित ब्लू डायमंड कालोनी में भी एक घर से नगदी, आभूषण व बाइक चोरी होने की खबर है। जिससे व्यापारियों सहित आम लोगों के बीच सनसनी फैल गई है।

पुलिस सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत मानव मंदिर चौक के पास स्थित गणेश मेडिकल में बीती रात चोरों ने धावा बोल दिया।

चोरी की इस घटना के बाद पुलिस की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठने लगे है। शहर के तीन से चार मकानों में एक ही रात में चोरी होने की शिकायत सामने आने के बाद के व्यापारियों में भी हड़कंप मच गया है। ज्ञात हो इससे पहले भी कई दफा शहर में बड़ी चोरिया देखने को मिल चुकी है। इधर पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार चोरी की इस घटना में दूसरे प्रदेश का किसी गुट का शामिल होना माना जा रहा है। बताया गया कि आदतन अपराधियों की तर्क पर ही चोरी को अंजाम दिया गया है। पुलिस अब चोरों तक पहुंचने के लिए सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। मिली जानकारी के अनुसार कुछ फुटेज में अपराधियों को देखा गया है। जिसके आधार पर जांच आगे बढ़ाई जा रही है।

## समूह में आकर चोरी की घटना को दिया अंजाम, फुटेज के आधार पर जांच में जुटी पुलिस टीम

### छत लांघकर दिया अंजाम

बताया गया कि चोर पीपल पेड़ के बाजू से गली होते हुए एक दुकान की छत को पार कर गणेश मेडिकल के लगभग 15 फीट ऊंची दीवार को लांघकर छत की ओर से दुकान के भीतर प्रवेश किए। चोरों ने दुकान के गल्ले में रखे नगदी रकम लगभग 7 लाख रुपए को चोरी कर लिया और मौके से फरार हो गए। सुबह जब दुकान संचालक को घटना की जानकारी हुई, तब इसकी सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल शुरू कर दी।




### आभूषण व बाइक चोरी

पुलिस सूत्रों ने बताया कि बसंतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत भी मोहारा रोड स्थित ब्लू डायमंड कालोनी स्थित एक घर में अज्ञात चोरों ने प्रवेश किया और घर से नगदी रकम व आभूषण पार कर दिया। बताया गया कि उक्त क्षेत्र से एक बाइक भी चोरी हुई है। एक ही दिन में दो थाना क्षेत्र में चोरी की घटना से लोगों में भय व्याप्त होने लगा है।

### सीसीटीवी की जांच शुरू

पुलिस टीम ने सीसीटीवी फुटेज इत्यादि भी खंगाला है। बताया गया कि चोरों ने दुकान के भीतर झोल व अन्य कपड़ों से अपने मुंह को ढंका हुआ था। इसके बाद वे चौक से ही ई-रिक्शा लेकर स्टेशन की ओर जाते दिखे हैं। इधर इस घटना की जानकारी जैसे ही आसपास के लोगों एवं शहर के लोगों को हुई सनसनी फैल गई है।

## खबर संक्षेप

### शराब तस्करी, पकड़ाया

**राजनांदगांव।** मोपेड में अवैध रूप से शराब परिवहन किए जाने के मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की है। डोंगरगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत 18 सितंबर को मुखबीर से सूचना मिली कि बधियाटोला ग्राम रांका में अनोवदक दीपक सेन 24 साल निवासी बंगालीपारा द्वारा बिना नंबर प्लेट काई कालर स्कूटी की डिक्की में शराब भरकर डोंगरगढ़ की ओर जा रहा था, जिसे मौके पर रेड कार्रवाई घेराबंदी कर पकड़ा गया। जिससे आरोपी के कब्जे से ज्युपीटर स्कूटी के डिक्की में प्लास्टिक बोरी के थैला में 11 पौवा शोले देशी प्लेन शराब कीमती 880 रुपए एवं 6 पौवा शोले देशी मसाला कीमती 600 रुपए, एक काई कलर का ज्युपीटर स्कूटी जब्त कर आरोपी के विरूद्ध धारा-34(1) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई किया गया है।

### बुलेट चालक पर एक्शन

**राजनांदगांव।** बुलेट वाहन में साइलेंसर मोडिफाईड कर ध्वनि प्रदूषण करने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई की है। डोंगरगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस टीम को वाहनों की चेकिंग करने हेतु एमसीपी ड्यूटी लगाई गई थी कि एमसीपी ड्यूटी के दौरान एक बुलेट वाहन के सोमनाथ मंडावी 25 साल निवासी राजकट्टा द्वारा अपने बुलेट वाहन का साइलेंसर मोडिफाईट कराकर रात्रि में शहर में ध्वनि प्रदूषण फैला रहा था, जिसे पकड़कर मोटरयान अधिनियम की धारा-182-क (4) के तहत कार्रवाई कर चालक से 5000 रुपए समन शुल्क लिया गया।

### चाकू लहराते पकड़ाया

**राजनांदगांव।** चाकू लेकर लोगों को डराने-धमकाने की शिकायत पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आरोपी को पकड़ा। जिससे धारदार चाकू बरामद कर कार्रवाई की गई। चिखली पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत 18 सितंबर को गठुला नाला के पास एक व्यक्ति द्वारा चाकू लहराकर आने-जाने वाले लोगों को डरा-धमका रहे की सूचना पर आरोपी कमलेश 35 साल साकिन कांकेतरा को तत्काल पकड़कर आरोपी के कब्जे से एक नग धारदार चाकू जब्त किया गया। आरोपी के विरूद्ध धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई कर न्यायालय में पेश कर आदेशानुसार जेल दाखिल किया गया।

## वोट चोरी गद्दी छोड़ कार्यक्रम के तहत शहर में निकाली गई पदयात्रा, जनसभा में गरजे कांग्रेसी

# पायलट बोले: भारत निर्वाचन आयोग की कार्यप्रणाली संदिग्ध

# भूपेश ने कहा: नांदगांव बना नशाधानी, हफ्ता वसूल रही पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान के तहत गुरुवार को शहर में पदयात्रा के साथ ही आमसभा का आयोजन किया गया। इस दौरान राष्ट्रीय कांग्रेस के महामंत्री और प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट के साथ छत्तीसगढ़ कांग्रेस के सभी दिग्गज नेता शामिल हुए। सभा में अपने भाषण के जरिये केंद्र की भाजपा सरकार को घेरते सचिन पायलट ने कहा कि चुनाव से पहले चिन्हित कर नाम काटे जा रहे हैं। भारत के इतिहास में पहली बार चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली सवालों से घिर गई है।

वहीं पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने कहा कि अब राजनांदगांव नशाधानी बनता जा रहा है। एक दिन में तीन-तीन हत्याएं हो रही है। यहां की पुलिस हफ्ता वसूली कर रही है। उन्होंने बिजली बिल, यूरिया-डीएपी की किल्लत सहित अन्य मुद्दों को लेकर प्रदेश की साय सरकार को भी घेरा।

प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष दीपक बैज ने अपने भाषण के दौरान कहा कि वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान को प्रदेश के हर कोने तक एक-एक बूथ तक पहुंचाएंगे। उन्होंने वोट चोरी का आरोप लगाते चुनाव आयोग और भाजपा के बीच गठबंधन की भी बात कही। इसके साथ ही प्रदेश सरकार पर हल्ला बोलते कहा कि आज प्रदेश के



किसानों को यूरिया-डीएपी नहीं मिल रहा। दस हजार स्कूलों को बंद कर दिया गया। एनएचएम कर्मचारी हड़ताल पर हैं। पांच साल में एक लाख नौकरी देने का वादा करने वाली साय सरकार दो साल में पांच हजार लोगों को भी रोजगार नहीं दे पाई है। प्रदेश के पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव ने भी भाषण देते केंद्र की भाजपा सरकार को वोट चोरी के मुद्दे पर घेरा। उन्होंने कहा कि लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी लगातार वोट चारी के सबूत दे रहे हैं। इसके बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। सभा के दौरान विधायक दलेश्वर साहू ने भी भाषण दिया।

⏩ शेष पेज 11 पर



**यूरिया-डीएपी और बिजली के दाम आसमान पर :** प्रदेश की साय सरकार को घेरते पूर्व सीएम ने कहा कि हमने कोरोनाकाल में भी किसानों को पर्याप्त डीएपी-यूरिया देने का काम किया, लेकिन अब सरकार किसानों को खाद उपलब्ध नहीं करा पा रही है। बाजार से किसानों को दो से तीन गुना कीमत देकर खाद लेना पड़ रहा है। वहीं बिजली बिल हॉफ योजना भी समाप्त कर दी गई, बिजली की दर में भी इजाफा कर दिया। इससे प्रदेश का हर परिवार परेशान है। नांदगांव में नकली यूरिया, नकली शराब बिक रही है।

### कानून व्यवस्था पर बैज ने उठाए सवाल

सभा के दौरान ही प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि मां बम्लेश्वरी की धरती राजनांदगांव की गली-गली में शराब बिक रही है। एक इलाके में दो दिनों के भीतर चार लोगों की हत्या हो रही है। मोहड़ में रेत के लिए गोली चलाई जा रही है। शराब की अवैध बॉटलिंग हो रही है। सरकार को जनता की कोई परवाह नहीं है।

### नांदगांव लोस में भी हुई वोट चोरी- भूपेश

पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने आरोप लगाते कहा कि लोकसभा चुनाव के दौरान राजनांदगांव में भी वोट चोरी की गई। चुनाव के दौरान कई लोगों के नाम डिलीट किए गए, इनमें कुछ भाजपा के लोगों के नाम भी शामिल थे, लेकिन भाजपा ने पीठासीन अधिकारी पर दबाव बनाकर अपने लोगों से मतदान करा लिया। हमारे ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष ने इसके खिलाफ आपत्ति दर्ज कराई थी, लेकिन अब तक कोई फैसला नहीं आया है। भाजपा वोट चोरी कर ही चुनाव जीतती है।

### वरिष्ठ नेता रहे उपस्थित

कार्यक्रम के दौरान सचिन पायलट, पूर्व सीएम भूपेश बघेल, नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, टीएस सिंहदेव, ताम्रध्वज साहू, अनिला भेड़िया, अमरजीत भगत, शिव डहरिया, उमेश पटेल, देवेन्द्र यादव, संगीता सिन्हा, गिरीश देवांगन, मलकित सिंह गेंदू, बृजेश शर्मा, विधायक दलेश्वर साहू, विधायक हर्षिता स्वामी बघेल, विधायक इंद्रशाह मंडावी, धनेश पटिला, विकास उपाध्याय, नवाज खान, पदम कोठारी, विष्णु लोधी, जितेन्द्र मुदलियार, कुलबीर सिंह छाबड़ा, भागवत साहू, शाहिद भाई, छन्नी साहू, नरेश डाकलिया सहित बड़ी संख्या में नेता उपस्थित रहे।

### गुरुद्वारे में माथा टेका, अजान के बीच रोका भाषण

सचिन पायलट ने पदयात्रा के दौरान छत्तीसगढ़ महतारी की मूर्ति और गौरव स्थल पर वीर शहीदों की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इसके बाद उन्होंने गुरुनानक चौक स्थित गुरुद्वारे में मत्था ठेका। वे जब सभा स्थल में भाषण दे रहे थे तो गोल बाजार मस्जिद में आजान शुरू हुई तो उन्होंने अपने भाषण को रोक दिया। करीबन दो मिनट तक सभा स्थल में सन्नाटा पसरा रहा। अजान समाप्त होने के बाद उन्होंने अपनी बात पूरी की।

### धर्म की राजनीति करती है भाजपा - सचिन

राष्ट्रीय महासचिव पायलट ने कहा कि भाजपा धर्म की राजनीति करती है। हिन्दू-मुस्लिम और मंदिर-मस्जिद ही उनके मुद्दे रहते हैं। वोट चोरी कर चुनाव जीतते हैं। जबकि कांग्रेस ने जमीन पर काम किया है। भाजपा ने शिक्षा का अधिकार, सूचना का अधिकार और सुरक्षा के अधिकार को समाप्त करने का काम किया है।

# तीन ब्लॉक सामान्य से पीछे, राजनांदगांव में सामान्य से 38 प्रतिशत अधिक बारिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पिछले दो दिनों से मौसम में आए बदलाव के बाद बेहतर बारिश देखने को मिल रही है। दो दिनों में ही जिले में 40 मिमी से अधिक बारिश दर्ज की जा चुकी है। ऐसे में मानसून का कोटा भी भर रहा है। हालांकि जिले के तीन ब्लॉक अब भी सामान्य बारिश से पिछड़े हुए हैं। वहीं राजनांदगांव ब्लॉक 38 फीसदी अधिक बारिश के साथ सबसे बेहतर स्थिति में है।



प्रशासनिक आंकड़ों के अनुसार अब तक जिले में 858 मिमी बारिश हुई है। यह सामान्य से 3 फीसदी बेहतर है। वहीं एलबी नगर में 8 फीसदी, घुमका में 10 प्रतिशत और छुरिया में सामान्य से 17 फीसदी तक कम बारिश हुई है। राजनांदगांव में सामान्य से 38 फीसदी अधिक बारिश देखने को मिली है। मौसम विभाग के अनुसार एक सिस्टम बंगाल की खाड़ी में एक्टिव था। जिसकी वजह से बारिश देखने को मिल रही है। बताया गया कि एक ऊपरी चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण पूर्वी बिहार और उसके आसपास स्थित है तथा या 3.1 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। दूसरा ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण पूर्वी बिहार और उसके आसपास 3.1 किलोमीटर से 5.8 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। यही सिस्टम अब आगे बढ़ रहा है। जिसके चलते बारिश की गतिविधियों में भी कमी देखने को मिलेगी।

### दो दिन और बारिश के आसार

मिली जानकारी के अनुसार अगले 48 घंटे तक मौसम ऐसा ही बने रहने की संभावना है। बताया गया कि प्रदेश में कल 19 सितंबर को अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज-चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। प्रदेश में एक-दो स्थानों पर गरज-चमक के साथ वज्रपात होने की भी संभावना है। वर्षा का क्षेत्र मुख्यतः उत्तर और मध्य छत्तीसगढ़ रहने की संभावना है। इसके बाद बारिश की गतिविधियों में कमी देखने को मिलेगी।







## 22 सितंबर से नवरात्र का होगा आगाज, सज रहा माता देवालय

# डोंगरगढ़ में सज रहा मेला ग्राउंड, मूर्तियों को अंतिम रूप दे रहे मूर्तिकार, गरबा आयोजन की तैयारी जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

गणेश पर्व के बाद जारी पितृपक्ष की 21 सितंबर को समाप्ति के अगले दिन से ही देशभर में नवरात्र का त्योहार शुरू हो जाएगा। इस बार दो चतुर्थी तिथि होने के चलते नवरात्र का पर्व दस दिनों का होने वाला है। मां की भक्ति वाले इस पर्व को खास बनाने की तैयारियां भी शुरू हो गई है, जहां मूर्तिकार मां की मूर्तियों को अंतिम रूप देने में जुट गए हैं। वहीं डोंगरगढ़ में लगने वाले मेले की भी तैयारियां तेज कर दी गई है। इसके साथ ही शहर सहित जिलेभर में गरबे का आयोजन कराने वाली समितियों ने भी साज-सजावट का दौर शुरू कर दिया है।



उल्लेखनीय है कि हर साल आश्विन माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से लेकर नवमी तिथि तक शारदीय नवरात्र मनाया जाता है। शारदीय नवरात्र के दौरान जगत जननी आदिशक्ति मां दुर्गा और उनके नौ रूपों की भक्ति-भाव से पूजा की जाती है। साथ ही उनके निमित्त नौ दिनों तक व्रत रखा जाता है। जगत की देवी मां दुर्गा की पूजा करने से भक्तजन की हर मनोकामना पूरी होती है। इस बार नवरात्र की शुरूआत 22 सितंबर से होने जा रही है। जिसका समापन एक अक्टूबर को नवमी के साथ होगा। पर्व को खास बनाने के लिए जहां मां के मंदिरों में विशेष तैयारियां की जा रही है। वहीं मूर्ति विराजने के लिए समितियां पंडाल बनवाने का काम भी शुरू करने वाली है। इस दौरान जिलेभर में जस के आयोजन भी देखने को मिलेंगे।

### रोज नई थीम पर गरबा

ज्ञात हो कि शारदीय नवरात्र के अवसर पर गरबे का आयोजन भी किया जाता है। शहर में सामाजिक गरबा आयोजन के अलावा प्रमुख रूप से दो आयोजन होते आए हैं। इनमें संस्कारधानी गरबा समिति द्वारा शिवनाथ वाटिका और लायंस क्लब द्वारा गायत्री स्कूल मैदान के आयोजन शामिल हैं। संस्कारधानी गरबा समिति द्वारा आयोजित गरबे में इस बार काफिला बैंड की प्रस्तुति दस दिनों तक देखने को मिलेगी। वहीं लायंस क्लब के आयोजन में गरबा भजन गायक के साथ ही दुर्गा से विशेष ढोल जैसे कार्यक्रम रखे गए हैं।

### एआई मूर्तियां नहीं

ज्ञात हो कि प्रदेश की राजधानी में गणेश मूर्तियों की एआई बनावट को लेकर हुए विवाद के बाद मूर्तिकारों में भी सतर्कता आ गई है। समितियों की मांग के बाद भी अब मूर्तिकार एआई से जनरेट तस्वीर के अनुसार मूर्तियां नहीं बना रहे हैं। इस बार भी नवरात्र में मां की कोई एआई से जनरेट तस्वीर जैसी मूर्ति जिले में देखने को नहीं मिलेगी। मूर्तिकारों ने बताया कि अधिकांश मूर्तियों में अब आंख खोलने का काम ही अंतिम दौर के तहत किया जा रहा है।



## खबर संक्षेप

### निर्विरोध अध्यक्ष बने शोभराय



**डोंगरगांव।** करियाटोला वार्ड 9 में साहू समाज के निर्विरोध अध्यक्ष के रूप में शोभराय का चयन किया गया है। समाज की बैठक में यह निर्णय लिया गया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष शोभराय ने समाज के विकास, एकता और समाजिक कार्यों को लेकर अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की है। उन्होंने निर्वाचन के बाद कहा कि वह समाज की सेवा में पूरी निष्ठा और ईमानदारी से करेंगे। बैठक में विभिन्न सामाजिक, शैक्षिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन पर चर्चा की गई।

### कांग्रेसजनों ने की पूजा-अर्चना



**डोंगरगढ़।** ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुरेश सिन्हा ने कन्हारगांव जाकर सृष्टि के रचयिता भगवान विश्वकर्मा की जयंती पर श्री सार्वजनिक विश्वकर्मा पूजा समिति द्वारा आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लेकर पूजा अर्चना किया। इस दौरान पंचराम चंदेल, रामेश्वर कंवर, प्रीतम साहू, राजेंद्र मंडावी, लिलंबर उईके, प्रकाश विश्वकर्मा, ननकूराम निषाद, उत्तम साहू, चुम्मन पटेल, रामदास, दुलार आदि उपस्थित थे।

### अधिवक्ताओं से मांगा समर्थन

**डोंगरगढ़।** राज्य विधिज्ञ परिषद निर्वाचन के प्रत्याशी अधिवक्ता रविसिंह राजपूत ने यहां पहुंचकर अधिवक्ताओं से मुलाकात कर वोट की अपील की। इस अवसर पर अधिवक्ता अरुण सिंह ने बताया कि प्रदेश में माननीय उच्च न्यायालय के आदेशानुसार 11 साल बाद चुनाव हो रहा है। युवा प्रत्याशी रविसिंह राजपूत को सभी का समर्थन मिल रहा है। इस दौरान अधिवक्ता महेंद्र परिहार, जसवंत बागडे, आरडी साहू, लूनकरण ऊके, विवेक महोबिया, पूनम तिवारी, धनंजय टांडिया, नंदेश्वरी साहू आदि मौजूद थे।

### जयंती पर होगा प्रतिभाशालियों का सम्मान

**डोंगरगढ़।** अग्रसेन जयंती के दौरान अग्रवाल समाज द्वारा शिक्षा, कला, खेल और अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली प्रतिभाओं को अग्रवाल प्रतिभा सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। समारोह में 10 एवं 12 बोर्ड परीक्षा में 90 प्रतिशत से अधिक अंक, स्नातक स्तर पर 80 प्रतिशत, स्नातकोत्तर में 80 प्रतिशत से अधिक, खेलकूद, कला में जिला, राज्य या राष्ट्रीय स्तर में स्थान, प्रशासन या सामाजिक स्तर से पुरस्कृत होने, सीजीपीएससी, यूपीएससी, आईआईएम, आईआईटी, एनआईटी, क्लेट में चयनित होने पर सम्मानित किया जाएगा।

### बौद्धिक स्पर्धा में शिशु मंदिर के छात्रों का वर्चस्व

**डोंगरगांव।** स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में छात्र छात्राओं के विकास के लिए गत दिनों खेल एवं बौद्धिक प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। शतरंज एवं बैडमिंटन में सोहन यदु के मार्गदर्शन में



विद्यार्थियों ने बालोद में विजयश्री हासिल किया।। शतरंज में संकल्प वैष्णव, रूद्र देवांगन, भव्यांश देवांगन, आशीष, मोक्ष, बहिन वर्ग बैडमिंटन में काजल देवांगन, खुशी साहू, दिव्या नेताम, विनीता, गुणिता, तोषिका, दीपिका ने विजय हासिल कर विद्यालय को गौरवान्वित किए। इसी प्रकार नेमुदास एवं चंद्रिका साहू के मार्गदर्शन में बौद्धिक, संस्कृति महोत्सव खैरागढ़ में आयोजित विज्ञान प्रश्न मंच में संस्कार वैष्णव, साकेत साहू, हिना देवांगन ने प्रथम स्थान हासिल किया। शास्त्रीय गायन में चंचल यदु प्रथम, रंगोली में द्वितीय स्थान हेमलता उइके, निबंध में रोहित पटेल ने सफलता हासिल किया।

### पोस्टर स्पर्धा में मनीषा विजेता

**अर्जुनी।** नवीन शासकीय महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ.अंजना ठाकुर के



निर्देशन में रसायनशास्त्र विभाग ने विश्व ओज़ोन दिवस के मौके पर कार्यक्रम आयोजित किया। प्राचार्य ने स्वागत की औपचारिकता के पश्चात ओज़ोन परत के महत्व एवं संरक्षण की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। इसके पश्चात बीएससी तृतीय वर्ष की छात्रा भारती साहू ने पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से ओज़ोन के महत्व,क्षरण से होने वाले हानिकारक प्रभावों तथा बचाव के उपायों से अवगत कराया। बीएससी प्रथम सेमेस्टर की छात्रा गनेश्वरी, बीएससी तृतीय सेमेस्टर की छात्रा पूजा धनकर ने पर्यावरण को स्वच्छ रखने और पौधरोपण के महत्व से अवगत कराया। ओज़ोन दिवस के उपलक्ष्य में पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। स्पर्धा में प्रथम स्थान मनीषा, द्वितीय योगेश और तृतीय स्थान रविना ने प्राप्त किया। कार्यक्रम का संचालन कंचन साहू और अंत में आभार व्यक्त शुभि जैन ने किया।

### स्कूल में कैच द रेन पर चर्चा

**चिचोला।** प्राथमिक शाला बजरंगपुर में कार्यक्रम आयोजित कर वर्षा जल संचयन पर बच्चों से विस्तृत चर्चा करते हुए इसके महत्व और आवश्यकता



से अवगत कराया गया। बताया गया कि जल जीवन मिशन के तहत जलापूर्ति तथा संचयन वर्तमान की महत्वपूर्ण बिंदु है। वर्षा जल संचयन एवं पानी के उचित उपयोग से ही भविष्य के लिए स्वच्छ जल की पूर्ति कर सकते हैं। इस अवसर पर प्रधानपाठक हेमलाल सहारे, शिक्षक हुमनसिंह पिस्दा, शिक्षिका कांति साहू उपस्थित थे।

### विकास कार्यों के लिए लाखों की प्रशासकीय स्वीकृति

**राजनांदगांव।** जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह ने जिला पंचायत विकास निधि अंतर्गत डोंगरगढ़ विकासखंड के 6 ग्रामों में विभिन्न विकास कार्यों के लिए 8 लाख 50 हजार रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। इसके अंतर्गत ग्राम रूवातला में वार्ड क्र. 1 में चबूतरा सह स्टील रैलिंग निर्माण कार्य के लिए 50 हजार रुपए, ग्राम मुसराखुर्द में प्राथमिक शाला भवन छत मरम्मत कार्य के लिए 1 लाख रुपए, ग्राम कलकसा में प्राथमिक शाला स्कूल में शेड निर्माण कार्य के लिए 2 लाख रुपए, ग्राम चौथना में मुक्तिधाम से शीतला चौक तक पौधरोपण एवं तार फेसिंग कार्य के लिए 1 लाख 50 लाख रुपए, ग्राम छीपा की प्राथमिक शाला में शेड निर्माण के लिए 1.50 लाख स्वीकृत किए हैं।

### दो से तीन गुना राशि के बिजली बिल ने उड़ाई नींद

# छूट का दायरा घटा, बिजली उपभोक्ताओं की दिक्कतें बढ़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

बिजली उपभोक्ताओं को 400 यूनिट तक मिलने वालों छूट को कम कर 100 यूनिट करने का निर्णय काफ़ी भारी पड़ रहा है। चालू माह में उपभोक्ताओं को दो से तीन गुना अधिक राशि का बिल मिला है ऊपर से तुर्रा यह है कि आए दिन लोगों को बिजली की आंख मिचौली का सामना करना पड़ रहा है।

उल्लेखनीय है कि पूर्ववर्ती भूपेश सरकार ने सभी वर्ग के बिजली उपभोक्ताओं को 400 यूनिट तक छूट दिया था जिससे बिल काफ़ी कम आ रहा था। हाल ही में भाजपा सरकार ने फैसले को पलटते हुए केवल 100 यूनिट तक खपत करने वाले उपभोक्ताओं को छूट देना तय किया है। इस छूट का गिने चुने उपभोक्ताओं को लाभ मिल रहा है वहीं शेष को भारी भरकम राशि चुकाना पड़ रहा है। वर्तमान में 100 यूनिट से अधिक बिजली खपत करने वालों को किसी प्रकार की छूट नहीं मिल रही है।

उपभोक्ताओं को पूरी खपत का भुगतान करना पड़ रहा है। शहर के उपभोक्ताओं ने बताया कि पहले वह 5 से 6 सौ रुपए भुगतान करते थे किन्तु वर्तमान में उन्हे हजार से 12 सौ तक का बिजली बिल मिला है।

#### बिजली कटौती भी कर रही परेशान

**छूट खत्म होने से उपभोक्ताओं में नाराजगी**

जानकारी के अनुसार मिडिल क्लास परिवार में लगभग 400 यूनिट बिजली की खपत होती है जिसके कारण उन्हे छूट के दायरे से बाहर कर दिया गया है। लोगों की शिकायत यह भी है कि स्मार्ट मीटर लगने के बाद से अधिक राशि का बिल आ रहा है। छूट खत्म होने के बाद भारी भरकम राशि का बिल आने से उपभोक्ताओं में गहरी नाराजगी है।

**सरकार ने लादा बोझ**

जिला पंचायत सदस्य महेंद्र यादव ने कहा कि मंहगाई कम करने का वादा करने वाली डबल इंजन सरकार ने जनता पर बड़ा आर्थिक बोझ लाद दिया है। उन्होंने कहा कि लोगों को राहत देने के लिए 400 यूनिट तक छूट दिया गया था जिसे कम कर सरकार ने 100 यूनिट कर दिया है जिसका फायदा ऊंगलियों में गिनने लायक लोगों को मिल रहा है।

**निवाला छीन रही सरकार**

पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष संध्या साहू ने कहा कि एक तरफ सरकार महिलाओं को महतारी वंदन योजना के तहत एक हजार दे रही है वहीं दूसरी बिजली के दाम को बढ़ाकर वहीं रकम वसूल कर रही है। बिजली में मिलने वाली छूट को छीनने से सरकार का जनविरोधी चेहरा सामने आ गया है। सरकार को जनहित में अपना फैसला तुरंत वापस लेना चाहिए।

**महंगी फिर भी अपर्याप्त बिजली**

जानकारी के अनुसार हाल के महीनो में बिजली दर में भी संशोधन किया गया है। घरेलू कनेक्शन के उपभोक्ताओं को100 यूनिट तक खपत करने पर 4.10 पैसे प्रति यूनिट, 101 से 200 तक 4.20 पैसे, 201 से 400 तक 5.60 पैसे, 401 से 600 तक 6.60 पैसे, और 601 से अधिक यूनिट बिजली खर्च करने पर 8.30 पैसे प्रति यूनिट की दर तय किया गया है। उपभोक्ताओं का कहना है कि बिजली जहां साल दर साल मंहगी होते जा रही है वहीं उन्हे अपर्याप्त बिजली मिल रही है। शहर में आए दिन अघोषित कटौती और लो वोल्टेज की शिकायत बनी रहती है।

### स्वागत...



**डोंगरगांव।** जिला मुख्यालय राजनांदगांव में कांग्रेस द्वारा आयोजित वोट चोर गद्दी छोड़ आंदोलन में कांग्रेसजनों ने बड़ी संख्या में हिस्सा लिया। कांग्रेस जनों ने प्रभारी सचिन पायलट और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से मुलाक़ात कर स्वागत किया।

### लोगों को गुमराह कर रही कांग्रेस : साहू

**डोंगरगढ़।** जिला भाजपा किसान मोर्चा के उपाध्यक्ष गिरवर साहू ने कांग्रेस के वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान को प्रोपगेंडा करार देते हुए कहा है कि वोट चोरी की जनक कांग्रेस खुद है इसलिए जनता ने उसे बेदखल किया। देश की जनता ने विकास के नाम पर भाजपा को चुना है जबकि इससे पहले कांग्रेस बूथ लूट कर या चाकू की नोंक पर चुनाव जीतते रही है। उन्होंने कहा कि देश में पूरी पारदर्षिता से चुनाव हो रहे है और जनता विकास के लिए मोदी को चुन रही है जिसे कांग्रेस पचा नही पा रहा है और लोगों को गुमराह कर रही।

### महाकाल यात्रा सकुशल लौटी, हुआ स्वागत

**राजनांदगांव।** द्वारका-सोमनाथ की यात्रा पर निकली राजनांदगांव महाकाल यात्रा सकुशल वापस लौट आई। यात्रा के दौरान जाते और आते समय



विभिन्न स्थानों पर बाबा महाकाल के भक्तों ने श्रद्धालुओं का जोरदार स्वागत किया। यात्रा के दौरान जाते समय बडनेरा, अकोला, राजकोट, बड़ौदा और अहमदाबाद में श्रद्धालुओं का अभिनंदन किया गया। वहीं द्वारका पहुंचने पर और वापसी के दौरान राजकोट, बड़ौदा, अकोला एवं बडनेरा, जामनगर में भी महाकाल भक्तों का उत्साहपूर्वक स्वागत किया। शहर लौटने पर रेलवे स्टेशन पर गौरीनगर एवं स्टेशनपारा के संजीव बघेल व उनकी टीम के महाकाल भक्तों ने फूल-मालाओं और "जय महाकाल" के जयघोष के साथ यात्रियों का स्वागत किया। चेयरमैन राजा माखीजा, समाजसेवक भावेश अग्रवाल, सिंधी पंचायत के अनिल तेजवानी, राजेश तेजवानी, मुरली फगवानी, कमल पंजवानी सहित अन्य सामाजिक बंधु स्वागत में उपस्थित रहे। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी संस्था की ओर से मुरलीधर सोमानी ने भागीदारी निभाई। यात्रा के दौरान जनप्रतिनिधि, प्रशासन, पत्रकार बंधुओं और रेलवे प्रशासन ने विशेष सहयोग प्रदान किया।

## कमला कॉलेज में पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शासकीय कमलादेवी राठी महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजनांदगांव में छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना की रजत जयंती के उपलक्ष्य में विविध कार्यक्रमों की श्रृंखला के तहत महाविद्यालय स्तर पर भव्य पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का विषय था छत्तीसगढ़ विकास की 25 वर्ष की गौरव गाथा। जिसमें छात्राओं ने अपनी रचनात्मकता से राज्य की उपलब्धियों को रंगों के माध्यम से जीवंत किया।



प्रतियोगिता में 39 छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विज्ञान, कला एवं वाणिज्य संकाय की छात्राओं ने एक से बढ़कर एक पोस्टर प्रस्तुत किए। जिससे निर्णायक मंडल को भी निर्णय लेने में कठिनाई का सामना करना पड़ा। प्रतियोगिता में प्रथम एमएससी तृतीय सेमेस्टर रसायन शास्त्र की छात्रा चांदनी साहू, द्वितीय बीएससी तृतीय सेमेस्टर बायोलॉजी की गोमती और तृतीय स्थान उसी संकाय की अंजली निषाद को प्राप्त हुआ। निर्णायक मंडल में डॉ. हरप्रीत कौर गरचा, डॉ. जयसिंग साहू एवं डॉ. निवेदिता ए. लाल शामिल थी। उन्होंने छात्राओं की कलात्मक प्रस्तुति की सराहना करते कहा कि प्रत्येक पोस्टर में राज्य के विकास की झलक साफ नजर आई। यह छात्राओं की गहरी समझ और मेहनत का परिणाम है।

प्रभारी प्राचार्य डॉ. ओंकारलाल श्रीवास्तव ने भी पोस्टरों का अवलोकन करते कहा कि छात्राओं ने छत्तीसगढ़ की विकास यात्रा को सुंदर चित्रों व नारों के माध्यम से प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया है। यह नई पीढ़ी की राज्य के प्रति जागरूकता को दर्शाता है।

प्रतियोगिता का सफल आयोजन ममता आर. देव के संयोजन व डॉ. युगेश्वरी साहू, नीलम राम धनसाय, नंदनी चंद्रवंशी, सुरेंद्र कुमार पटले, डॉ. चेतना गुप्ता, डॉ. रोहित वर्मा एवं अविनाश रजक के सहयोग से किया गया।

आयोजन की सर्वत्र सराहना हुई। छात्राओं, शिक्षकों व जनभागीदारी समिति के सदस्यों ने आयोजन को प्रेरणादायी बताते कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से छात्राओं में न केवल रचनात्मकता का विकास होता है, बल्कि राज्य के प्रति आत्मीय जुड़ाव भी मजबूत होता है।

## जन्मदिन पर बघेरा में चला स्वच्छता अभियान

**राजनांदगांव।** प्रधानमंत्री नरेंद्र दामोदर दास मोदी के जन्मदिवस अवसर पर भारतीय जानता पार्टी के राष्ट्रीय एवं प्रदेश अध्यक्ष के निर्देशानुसार जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत के आदेशानुसार और मंडल अध्यक्ष परदेशी सोनबोईर के नेतृत्व में पूरे मंडल में 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलाए जाने वाले सेवा पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत गुरुवार को स्वच्छता अभियान मंडल क्षेत्र के ग्राम बघेरा बाजार चौक साथ ही प्रसिद्ध मंदिर मरसपोटा धाम में सुबह 7 बजे से सभी कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर



स्वच्छता अभियान चलाया गया और लोगों को इसके प्रति जागरूक भी किया। एक पेड़ मां के नाम स्वच्छता अभियान में आए साथियों द्वारा मिलकर मंदिर प्रांगण में वृक्षारोपण भी किया गया। स्वच्छता अभियान में अध्यक्ष परदेशी सोनबोईर, मंडल महामंत्री राकेश साहू, यशवंत वर्मा, शेखर यदु, मोहन साहू, ईश्वर साहू, पंकज वर्मा, जीतू साहू, दुर्जन साहू, वेदव्यास साहू, श्याम लाल, राजकुमार देवांगन, रवि वर्मा, रवि साहू, लीलाधर साहू एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### जन्मदिन पर न्योता भोज आयोजित



**मुरमुंदा।** प्राथमिक शाला भरूहाटोला के प्रधानपाठक धनुष राम कंवर के जन्मदिन को बच्चो ने यादगार बनाया। प्रधान पाठक को बच्चो ने स्वयं द्वारा बनाया गया आकर्षक उपहार भेंट में दिया। जन्मदिन के अवसर पर प्रधानपाठक ने बच्चों के लिए न्योता भोज का आयोजित कर नमकीन एवं मीठा खिलाया। इस अवसर पर शिक्षक संजीव चन्द्रवंशी, पवन पडोती, सावित्रीबाई मंडावी उपस्थित थे।

### सेवा पखवाड़ा का शुभारंभ, भाजपा संगठन ने किए विविध आयोजन

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया सफाई और पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने नीचे मां बमलेश्वरी मंदिर में पूजा अर्चना कर दीर्घायु होने की कामना की है । कार्यकर्ताओं ने मंदिर की सफाई किया। रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया। इस दौरान रामजी भारती, विनोद खांडेकर, तरुण हत्थेल, सुरेंद्रसिंह बन्नोआना, महेंद्र भाई पटेल, लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, नपा अध्यक्ष रमन डोंगरे, नपा उपाध्यक्ष उमा महेश वर्मा, शहर अध्यक्ष जसमीतसिंह बन्नोआना, विनीत यादव, विनय बंसल, भागवत नामदेव, अलका जयेश सहारे, सरफराज नवाज, अचलासिंह ठाकुर, एसपी मिश्रा, अनिल पांडे, रेखा राजेश राघौते, हरीश मोटघरे, देवेंद्र साखरे, डी एकेश राव, शिवांगी साखरे, बबिता मलागार, शारदा यादव, अनीश निर्मलकर, लक्ष्मी यादव, सुषमा कोठारी, अनीता इंदुलकर, कैलाश सोनवानी, श्याम तिवारी, मीना यादव, ज्योति बड़वाईक, मधुसूदन अग्रवाल, नागेंद्र परिहार, लोकेश इंदुलकर, मुकुंद कंडरा, डिंपी महापात्रे, कुंदन साहू, मिथिलेश साहू, विरेंद्र सोनी, गिरीश साहू, चितरंजन साहू, ललित शर्मा, ओमप्रकाश साखरे, महेश सहारे, नवीन, आवेश निगम, शुभम परिहार, अक्षय यादव, रामकुमार डरसेना, अजय शर्मा, हिमांशु सेन सहित अन्य उपस्थित थे।







### सेवा पखवाड़ा का शुभारंभ

**घुमका।** प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन के मौके पर भाजपा घुमका मंडल ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में फल वितरण किया। मरीजों से मिलकर स्वास्थ्य की जानकारी ली। तत्पश्चात पुरातन मंदिर देवरीडीह में पौधरोपण किया गया। कार्यकर्ताओं ने मां शीतला की पूजा अर्चना कर प्रधानमंत्री के दीघायु होने की कामना की। महाविद्यालय में भी पौधरोपण किया गया।

इस अवसर पर सीएमओ जीपी देवदास, बीएमओ नंदकिशोर टंडन, ललित साहू, जनक साहू, खेमलाल साहू, दिलीप पटेल, अक्षय क्षत्रिय, जितेंद्र, थानसिंह, जितेंद्र, केवल गायकवाड, आशा यदु, लक्ष्मी रामदास कोसरे, बहुरसिंह, नोहेंद सिन्हा, तोषण सिन्हा, प्रमोद दुबे, अश्वनी जंघेल, राजकुमार संघारे, हेमदस साहू, राकेश, केदार, नूतन यादव, मंगलू, जयश्री, नूतन साहू, तिकेश्वरी आदि मौजूद थे।

### नमो वन में पौधरोपण



**डोंगरगांव।** भाजपा के सेवा पखवाड़ा अंतर्गत भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने किला पहाड़ी के नमो वन में विभिन्न प्रजातियों के 75 पौधों का रोपण किया। इस दौरान जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष दिनेश गांधी, मंडल अध्यक्ष दीना पटेल, नपं सभापति पुरूषोत्तम साहू, गुलशन हिरवानी, दीप्ति ठाकुर, डिकेश साहू, महेश्वर साहू सहित अन्य बड़ी संख्या में मौजूद थे।

### अर्जुनी कॉलेज में स्वच्छता अभियान

**अर्जुनी।** स्थानीय नवीन शासकीय महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ अंजना ठाकुर के निर्देशन में 17 सितंबर को उच्च शिक्षा संचालनालय के निर्देशा अनुसार सेवा पखवाड़ा अंतर्गत स्वच्छता एवं विकसित भारत विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित किया। सर्वप्रथम डॉ ठाकुर ने बच्चों को मार्गदर्शन दिया। समस्त छात्राओं ने स्वस्फूर्त परिसर एवं कक्षाओं की सफाई किया। चित्रकला प्रतियोगिता में देवयानी, पूजा भुआर्य, राधिका, नोमिन, रविना, जया बघेल, आकांक्षा आदि ने भाग लिया। कार्यक्रम का संयोजन डॉ. संजू सिंह ने किया। इस दौरान अतिथि व्याख्याता डॉ. काव्या जैन, कंचन साहू, डॉ. हेमलता विरदी, शुभि जैन, चांदनी पराते, योगिता ठाकुर, ओमप्रकाश सहारे, हरवंश चौरगे, मोनिश खान, चंद्रकांत कुंभकार आदि मौजूद थे।

### मंदिर और स्कूल परिसर की सफाई

**तुमडीबोड़।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर सेवा पखवाड़ा अंतर्गत मंडल भाजपा ने ग्राम में स्वच्छता अभियान चलाया। पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने शनि मंदिर प्रांगण, पूर्व माध्यमिक शाला, दुर्गा मंच के आसपास सफाई किया। सफाई के बाद माध्यमिक शाला के बच्चों की मौजूदगी में केक काटा गया और मिठाई वितरण किया गया। धान खरीदी केन्द्र में पदाधिकारियों ने 75 फलदार छायादार पौधों का रोपण किया। इस दौरान मंडल अध्यक्ष जागेश्वर यादव, अमरोतन साहू, रामनाथ वर्मा, टीकम पटेल, गनेश्वर सिन्हा, मोहर साहु, गोकुल सिन्हा, हेनु साहु, जीवन पटेल, पिताम्बर साहू, भारती वर्मा, जितेन्द्र सिन्हा, तरुण साहू, मोहन पाल, चन्द्रकांत वर्मा, कमलेश वर्मा, प्रभात साहू, लेखराम भारती, नेतराम साहु, लखन सुर्यवंशी, दयाराम साहु, शत्रुघ्न वर्मा, कमलेश साहू, भोज ठाकुर, मनोहर साहु सहित अन्य मौजूद थे।



### बोदेला में चाय वितरण

**तुमड़ीबोड़।** ग्राम बोदेला में प्रधान सेवक मोदी के जन्मदिन के मौके पर बस स्टैण्ड चौक पर चाय वितरण किया गया। उपस्थिति लोगों के समक्ष प्रधानमंत्री मोदी द्वारा किए गए कार्यों को रखा गया। इस मौके पर निर्भय श्रीवास, जगदेव साहू, मनहरण यादव, आशाराम साहू, ठाकुरराम साहू, काजू साहू, चैनसिंह, इंद्रसेन साहू, चन्द्रेश श्रीवास, विक्रम साहू, भागवत साहू, अवध यादव, शत्रुहन साहू, किशोर बामुण्डे, पिताम्बर यादव सहित अन्य उपस्थित थे।


मोदी सरकार को धन्यवाद
₹ 40,000 से ₹ 1,05,000 तक बचत पायें।
GST 12% नही अब सिर्फ 5%
नवरात्रि
की अग्रिम बधाई
शुरुआत
प्रगति की!
JOHN DEERE
जहाँ तकनीक मिलती है
परम्परा से
बुकिंग
प्रारंभ
सस्ता नहीं
अच्छा लो
जॉन डियर के सभी
कृषि उपकरण उपलब्ध
वंदना ट्रॉली के
अधिकृत विक्रेता
JOHN DEERE सिर्फ ट्रैक्टर नहीं
वो भरोसा है जो पीढ़ियों तक चलता है।
2408045472
जॉन डियर का वादा
5 साल
की वारंटी*
टेक्नोलॉजी लीडरशिप
सभी ट्रैक्टरों पर
*शर्तें लागू
सभी कम्पनियों के पुराने ट्रैक्टर टीप-टॉप कंडिशन में उपलब्ध है।
अधिकृत विक्रेता - जैन मोटर्स स्टेट हाईवे, कवर्धा रोड, खैरागढ़
ब्रांच :- रायपुर नाका चौक, भारत साइकिल स्टोर्स के बाजू में, राजनांदगांव 9827953976
अंबागढ़ चौकी 8103024569 | मानपुर 8959179777 | चिचोला | गण्डई
संपर्क - 9977184777, 8120006476, 9406011166 सर्विस 8120006480, 8120001601

## खबर संक्षेप

### मोहतरा कला स्थित श्री शिव मंदिर प्रांगण में चलाया स्वच्छता अभियान



**हरिभूमि कोलेगांव।** विकासखंड पंडरिया के ग्राम पंचायत मोहतरा कला मे प्रदेश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिवस पर शिव मंदिर प्रांगण के पास स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसमें विशेष रूप से ग्राम पंचायत के सरपंच पंच प्रतिनिधि सभी लोग के द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया गया। यह बड़ी सराहनीय योगदान है, जिसमें मंदिर व पंचायत परिषर में संपूर्ण स्वच्छता अभियान ग्रामवासियों द्वारा चलाया गया। जिसमें बूथ क्रमांक 215 सरपंच प्रतिनिधि नीलेश चंद्रवंशी, जनपद प्रतिनिधि माखन चंद्रवंशी, उप सरपंच ईश्वरी यादव, द्वारिका चंद्रवंशी, बृजेश चौहान, रामदयाल चंद्रवंशी, विनोद चंद्रवंशी, अजय चंद्रवंशी, टिकेश्वर चंद्रवंशी, मनोज चंद्रवंशी, गणेश चंद्रवंशी, राजेश चंद्रवंशी, राजेश साहू, दिलीप चंद्रवंशी, रघुनंदन चंद्रवंशी, बोधन चंद्रवंशी, नरेश चंद्रवंशी एवं समस्त ग्रामवासी मोहतरा कला बूथ अध्यक्ष माखन चंद्रवंशी, रमेश चंद्रवंशी एवं समस्त भाजपा कार्यकर्ता तथा मोहतरा कला ग्रामवासी उपस्थित थें।

### पीएम के जन्मदिन पर स्वच्छता अभियान का आगाज



**हरिभूमि बरबसपुर।** प्रदेश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम अंतर्गत कवर्धा-ग्रामीण मंडल के ग्राम सिंघनपुरी में मां महामाया मंदिर परिषर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। धार्मिक स्थल के आसपास की साफ सफाई किया गया। इस अवसर पर नरेन्द्र मानिकपुरी कार्यसमिति सदस्य प्रदेश किसान मोर्चा, नागेश्वर जायसवाल मंडल उपाध्यक्ष, शिलिप यादव मंडल मंत्री, मनोहर धुर्वे सरपंच प्रतिनिधि, परमेश्वर धुर्वे, रत्तु यादव, गरीबा पटेल, सुरेन्द्र धुर्वे, रामजी पटेल, भुलउ पटेल, कुमार पटेल, रामचरण, कृष्णा यादव सहित ज्येष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्ता गण उपस्थित थें।

### कंझेटा में ग्रामवासियों ने किया पौधारोपण



**हरिभूमि कोलेगांव।** विकासखंड पंडरिया के ग्राम कंझेटा में जगह-जगह पर पौधरोपण प्रतिनिधियों एवं ग्रामवासियों के सहयोग से पंच, सरपंच और ग्रामवासियों के द्वारा ग्राम पंचायत भवन, स्कूल, तालाब और सड़क किनारे पर्यावरण संरक्षण हेतु पौधरोपण किया गया जिसमें कदम, गुलमोहर, पीपल, बरगद और नीम का पौध रोपित किए गए। उक्त पौधरोपण कार्यक्रम में स्कूल प्राचार्य संजय वैष्णव द्वारा बड़ी विशेष ध्यान दिया जा रहा है, समाजसेवक कलप चंद्रवंशी, भुलाऊं मंडल, सरपंच भागीरथी सोनवानी, पंच बबलू चंद्रवंशी, पंच मुरली चंद्रवंशी, कोटवार कौशल मानिकपुरी, मोहन साहू, राजेश चंद्रवंशी, लक्ष्मण मानिकपुरी तथा ग्रामीणजन उपस्थित थें। सरपंच के द्वारा मवेशियों से पौधों की सुरक्षा के लिए ट्री-गार्ड का व्यवस्था किया गया, जिसमें पौधरोपण लगाकर पर्यावरण को बढ़ावा देने का संदेश दिया जा रहा है, एक पेड़ पौधा जरूर लगाए और उसकी सुरक्षा स्वयं करें तब जाकर पौधे तैयार होगा और पौधे तैयार होगा तो गांव भी स्वस्थ रहेगा।

### विद्युत विभाग के कर्मचारियों ने धूमधाम से मनाई विश्वकर्मा जयंती



**हरिभूमि पोंड़ी।** पोंड़ी में विद्युत विभाग के कर्मचारियों द्वारा मंगलवार को पोंड़ी डीसी अंतर्गत सभी सब-स्टेशनों में बड़े ही हर्षोल्लास, धूमधाम व उमंग के साथ भगवान विश्वकर्मा जयंती मनाई गई। इस अवसर पर विभागीय कर्मचारियों व ग्रामीणजनों ने एकत्र होकर भगवान विश्वकर्मा की विधि विधान से पूजा-अर्चना कर विद्युत विभाग के कार्य में सुरक्षा एवं उन्नति की कामना की। कार्यक्रम में लाइनमैन रमऊराम धनकर, श्याम सिंह नेताम, प्रदीप बरेठ सहित आउटसोर्स कर्मचारी जलेश बघेल, नितेश परस्ते, धनेश सिंहा, ऑपरेटर खेमलाल साहू, जयंत कुमार साहू, शोभाराम साहू, रवि चंद्रवंशी और अन्य कर्मचारी तथा स्थानीय ग्रामीणजन उपस्थित थें। पूजा-अर्चना के पश्चात कर्मचारियों ने आपसी एक-जुटता और सहयोग को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर सब-स्टेशन परिषर को सजाया गया और प्रसाद वितरण किया गया। कर्मचारियों ने कहा कि विश्वकर्मा जयंती न सिर्फ पूजन का दिन है बल्कि यह दिन कर्मनिष्ठा, तकनीकी ज्ञान और परिश्रम के महत्व को भी रेखांकित करता है। ग्रामीणजनों ने भी इस आयोजन में बढ़-चढ़कर भाग लिया और विद्युत विभाग के कर्मचारियों को शुभकामनाएं दीं।

#### उप मुख्यमंत्री ने बैगा महिलाओं की संघर्ष और सफलता की कहानियां सुनी

# दीदी के गोठ रेडियो प्रसारण कार्यक्रम में शामिल हुए विजय शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कवर्धा

प्रदेश में प्रसारित होने वाले दीदी के गोठ रेडियो प्रसारण के माध्यम से आज पूरे छत्तीसगढ़ को कबीरधाम जिले के विकासखंड पंडरिया के वनांचल एवं दुर्गम पहाड़ी क्षेत्र के गांव कांदावानी एवं तेलियापानी लेदरा में रहने वाली विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा समुदाय की महिलाओं ने शासकीय योजनाओं से मिले लाभ पर अपना अनुभव सुना कर सभी को अभिभूत कर दिया है। इसी कड़ी में विकासखंड बोड़ला के ग्राम जीताटोला में आयोजित दीदी के गोठ कार्यक्रम में प्रदेश के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा विशेष रूप से शामिल हुए। उन्होंने गांव की दीदियों के साथ बैठकर बैगा महिलाओं की संघर्ष और सफलता की कहानियां सुनीं।

उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य अंतिम पंक्ति तक खड़े व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है और बैगा महिलाओं के जीवन में आ रहे सकारात्मक बदलाव इसका प्रमाण हैं। उन्होंने यह भी कहा कि आने वाले समय में ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से न केवल ग्रामीण अंचलों की आवाज सामने आएगी, बल्कि सरकार और जनता के बीच विश्वास और आत्मीयता का रिश्ता और मजबूत होगा।

ग्राम पंचायत तेलियापानी लेदरा के आश्रित ग्राम मराडबरा की रहने वाली दीदी श्रीमती सुकर्तिन बाई बैगा ने दीदी के गोठ में बताया कि वह अपने आजीविका के लिए राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन विहान योजना के द्वारा सूरज महिला स्व सहायता समूह से जुड़ी है जिसमे 10 सदस्य हैं। उनके क्षेत्र में प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना योजना से बैगा परिवारों के लिए आवास का निर्माण किया जा रहा है। निर्माण सामग्री समय पर नहीं मिलने के कारण आवास बनाने में विलंब हो रहा था, तभी एनआरएलएम के कैडर ने मुझे डीलर दीदी के रूप में चिन्हांकित किया और हमारे समूह को चक्रीय निधि के रूप में 15 हजार रुपए एवं सामुदायिक निवेश कोष की राशि से 1 लाख 20 हजार रुपए सेंट्रिंग प्लेट एवं 2 लाख रुपए रेती, गिट्टी हेतु आवंटित कर कुल 3 लाख 24 हजार रुपए की सहायता दी गई। श्रीमती सुकर्तिन बाई बैगा ने प्रदेश वासियों को आगे बताया कि उनके द्वारा 7 आवासो के निर्माण में सेंट्रिंग प्लेट एवं 12 ट्रिप रेती, 1 ट्रिप हाईवे से गिट्टी बेचकर लाभ कमाई। समूह में जुड़ने से पहले कृषि कार्य एवं मजदूरी से मेरी सालाना आमदनी 30 हजार रुपए ही हुआ करती थी, लेकिन जब से डीलर दीदी के रूप मात्र दो माह में ही रेती से 6000 रुपए, गिट्टी से 9000 रुपए, सेंट्रिंग प्लेट से 22000 रुपए सहित कुल 37000 रुपए की आमदनी हो गई है। इन पैसों की सहायता से मैंने अपने कृषि कार्य को आगे बढ़ाया जिससे अब कृषि से आमदनी 48000 रुपए और मजदूरी कार्य करके 18000 रुपए सहित मेरी कुल कमाई एक वर्ष में 103000 रुपए को पार कर गई है। इस तरह अब मैं लखपति दीदी बन चुकी हूं।

### दीदी के गोठ रेडियो प्रसारण का श्रवण किया



उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ शासन द्वारा संचालित पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की विभिन्न योजनाओं से हो रहे लाभ पर सभी को प्रेरणा देने के लिए प्रदेशव्यापी दीदी के गोठ रेडियो प्रसारण का कार्यक्रम विगत माह छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं उप मुख्यमंत्री एवं मंत्री पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग विजय शर्मा द्वारा शुभारंभ किया गया था। दीदी के गोठ रेडियो प्रसारण कार्यक्रम में विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं से जुड़े लाभार्थी अपने अनुभव रेडियो के द्वारा सभी को बताते हैं। जिससे कि पूरे प्रदेश की जनता को शासकीय योजनाओं से जुड़ने की प्रेरणा मिल सके। दीदी के गोठ रेडियो प्रसारण के दूसरे एपिसोड में जिले के वनांचल गांव तेलियापानी लेदरा एवं कांदावानी की बैगा महिलाओं ने अपने अनुभव प्रदेश की जनता से साझा किए। इस अवसर पर जिला पंचायत कबीरधाम में जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, मुख्य कार्यपालन जिला पंचायत अजय कुमार त्रिपाठी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी, जिला पंचायत सदस्य रामकुमार भट्ट, वीरेंद्र साहू, राजकुमार मेरावी, श्रीमती दीपक धुर्वे, श्रीमती पूर्णिमा मनीराम साहू, उप संचालक पंचायत राज तिवारी, लेखा अधिकारी भानुप्रताप नेताम सहित जनप्रतिनिधि गण एवं जिला



# विकासखंड स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में कामठी स्कूल को मिला द्वितीय स्थान

- प्रतियोगिता में छात्र छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुई कुकदूर

विकासखंड स्तरीय विज्ञान सेमिनार व प्रदर्शनी कार्यक्रम में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कामठी के व्याख्याता तुलस राम चंद्राकर के मार्गदर्शन में बच्चों ने भाग लिया, इसके अलावा विकासखंड पंडरिया के अन्य विद्यालयों कें बच्चों ने भी बढ़कर कर हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम में विकसित व आत्म निर्भर भारत विषय जिसके उप-विषय सतत कृषि, अपशिष्ट प्रबंधन व प्लास्टिक के विकल्प, हरित क्रांति जल संरक्षण आदि विषय पर प्रदर्शनी किया। जिसमें कामठी विद्यालय कें छात्रा नेहा कुमारी प्रीति कुमारी व सीमा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया साथ ही साथ क्वांटम युग का आगाज संभावना व चुनौती विषय पर सेमिनार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें कामठी विद्यालय के छात्रा नव्या मरावी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया, बच्चों के इस प्रदर्शन पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी विद्यालय के प्राचार्य श्री साहू तथा विद्यालय के समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं ने बच्चों को बधाई देते हुए उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन पर हर्ष व्यक्त किया।

# सूदखोरी और ब्लैकमेलिंग के खेल का पर्दाफाश, एक महिला व सहयोगी गिरफ्तार

- 50 हजार का कर्ज बना 6 लाख का बोझ।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कवर्धा





शिकायत के आधार पर कार्यवाही करते हुए कवर्धा पुलिस ने झूठे मामलों में फंसाने और फर्जी तरीके से पुलिस में ऊंची पहुंच होना दिखाकर धमकी देकर लोगों से सूदखोरी करने वाली एक महिला और उसके सहयोगी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार लंबे समय से सूदखोरी और धमकी के मामलों में संलिप्त अमीना ताज निवासी कवर्धा एवं उसके सहयोगी ड्राइवर राकेश साहू के विरुद्ध थाना कोतवाली में अपराध क्रमांक 410/2025 धारा 308(2), 351(3), 3(5) भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) और धारा 4 ऋणियों का संरक्षण अधिनियम के तहत अपराध दर्ज कर अग्रिम कानूनी कार्यवाही की जा रही है। पीड़ितों ने बताया कि अमीना ताज जरूरतमंद लोगों को रकम देकर उस पर कई गुना अत्यधिक ब्याज वसूलती थी।

प्रार्थी ने मात्र 50 हजार रुपए का कर्ज लिया, जिस पर उसने करीब 6 लाख रुपए वसूल लिए, फिर भी ब्लैंक चेक के सहारे लगातार धमकी और ब्लैकमेल किया जाता रहा। रकम न देने पर गाली-गलौज, मारपीट, सामाजिक अपमान और झूठे मामलों में फंसाने की धमकी दी जाती थी। उसका सहयोगी राकेश साहू लोगों के घर जाकर जबरदस्ती वसूली करता था और मारपीट व धमकी देकर आतंक का माहौल फैलाता था। हाल ही में वायरल एक ऑडियो में अमीना ताज एक पीड़ित को यह कहकर धमका रही थी कि यदि कोई उसके खिलाफ थाना में आवेदन देगा, तो अपराध तो दूर, उसका आवेदन तक स्वीकार नहीं होगा। इस प्रकार वह पुलिस और कानून से ऊपर होने का झूठा भय दिखाकर लोगों का शोषण कर रही थी। पुलिस टीम ने आरोपियों को गिरफ्तार करने के साथ-साथ उनके घर और कार्यालय में दबिश दी। दबिश के दौरान उधारी लेनदेन के कागजात और पीड़ितों द्वारा हस्ताक्षरित ब्लैंक चेक, लेनदेन संबंधी रजिस्टर एवं अन्य सामग्री बरामद की गई है, जिसकी जांच जारी है। इससे उनके सूदखोरी और अवैध गतिविधियों का और बड़ा जाल सामने आने की संभावना है। इसके अतिरिक्त अमीना ताज के खिलाफ प्राप्त अन्य चार प्रार्थियों के आवेदन भी जांच में शामिल किए गए हैं।

### क्षेत्र में उड़द की नई फसल अब खेतों में परिपक्व होकर तैयार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बरबसपुर

ग्रामीण क्षेत्रों में इन दिनों उड़द की नई फसल खेतों में परिपक्व होकर तैयार हो चुके हैं। जिनकी कटाई कर घर मे लाकर एक-एक दाने निकलनें ग्रामीण किसान परिवार सहित जुटे हुए हैं, ताकि बाजार और मंडी में उड़द फसल की अच्छी भाव में बेचकर आर्थिक आमदानी अर्जित कर सकें। बताया जाता है कि उड़द का विशेष महत्व पितर पक्ष में होता है, अपनी-अपनी पूर्वजों को उड़द दाल से भोग लगाते हैं जिसे मोक्ष की प्राप्ति होती है।

### कोलेगांव सहित आसपास क्षेत्र में धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया भगवान विश्वकर्मा जयंती



**हरिभूमि कोलेगांव।** विकासखंड पंडरिया के ग्राम कोलेगांव सहित आसपास के ग्राम रूसे, कापा, कंझेटा, कुआंमालगी, अमलीमालगी, मोहतरा कला, भगतपुर, धनेली, बसनी, कुण्डा, दामापुर में प्रतिवर्षानुसार की भांति इस वर्ष भी भगवान विश्वकर्मा जयंती धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिस पर ग्रामीणों द्वारा विधि विधान से पूजा अर्चना कर समस्त ग्रामवासी एवं भक्तजनों द्वारा भगवान विश्वकर्मा से गांव की सुख, शांति, समृद्धि एवं खुशहाली की गई। बताया जाता है कि ब्रह्मा के पुत्र, स्वर्गलोक, पुष्पक विमान, द्वारिका नगरी, यमपुरी, कुबेरपुरी आदि के निर्माता, संसार के सबसे पहला और बड़ा इंजीनियर, निर्माण व सृजन के देवता है वास्तुकला कौशल में सर्वश्रेष्ठ, देवशिल्पी, सृष्टि के रचयिता, ब्रह्मांड के सर्वश्रेष्ठ वास्तुकार, शिल्पदेव, कर्म एवं निर्माण के देवता भगवान विश्वकर्मा जयंती पर देश के शिल्पकारों, श्रमवीरों, उद्यमियों तथा कर्मकारो के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए भगवान विश्वकर्मा जयंती मनाया गया। प्रदेश के विकास में श्रमवीरो का महत्वपूर्ण योगदान रहा, गढ़बो नवा छत्तीसगढ़ के संकल्प को पूरा करने में श्रमवीरो कई महत्वपूर्ण भूमिका होगी।

पृष्ठ 09 का शेष

### पायलट बोलेः भारत...

मंच संचालन शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा एवं प्रवक्ता रूपेश दुबे ने किया। जिला कांग्रेस ग्रामीण के अध्यक्ष भागवत साहू ने आभार भाषण दिया।

वोट चोर गद्दी छोड़ कार्यक्रम के तहत रेवाडीह चौक से युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता मोटर साइकिल रैली के माध्यम से सचिन पायलट के साथ गुरुनानक चौक तक पहुंचे। जिसके बाद सभी वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति में गुरुनानक चौक से मानव मंदिर चौक होते हुए जयस्तंभ स्थित सभा स्थल तक पहुंचे। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस प्रभारी सचिन पायलट ने गुरुनानक चौक में हस्ताक्षर अभियान की शुरूआत की। पदयात्रा के दौरान कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने जगह-जगह स्वागत भी किया। भाजपा के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की गई।

# विधायक भावना बोहरा ने किया संस्कृति महिला ग्रुप पंडरिया के वेबसाइट का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पंडरिया




नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पंडरिया में बुधवार को आयोजित कार्यक्रम के दौरान संस्कृति महिला ग्रुप पंडरिया का बेबसाइट श्री संस्कृति इन का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में उपस्थित पंडरिया विधानसभा की विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने स्वयं वेबसाइट लांच करते हुए संस्कृति महिला ग्रुप के इस पहल के लिए शुभकामनाएं दी। श्री संस्कृति वेबसाइट के माध्यम से ग्रुप के द्वारा आयोजित किए जाने वाले सभी कार्यक्रमों को वैश्विक स्तर पर सांझा और डिजिटल मीडिया में प्रसारित किया जा सकेगा। संस्कृति महिला ग्रुप पंडरिया नगर की एकमात्र महिला ग्रुप है, जिसने पिछले पांच वर्षो से सामाजिक, सांस्कृतिक व धार्मिक आयोजन करके महिलाओं और बच्चों को धर्म, संस्कृति और सामाजिक समरसत्ता के लिए प्रेरित व जन-जागरूक करती आ रही है। संस्कृति महिला ग्रुप अपने विभिन्न आयोजनों से नगर के साथ-साथ पूरे कबीरधाम जिला में अपनी विशिष्ट पहचान बनाने में कामयाब हो रही है। इसी कड़ी में आने वाले नवरात्रि में ग्रुप के द्वारा प्रतिवर्ष की भांति नगर का सबसे बड़ा भव्य नवरात्रि गरबा महोत्सव का आयोजन सरस्वती शिशु मंदिर में 27 से 29 सितम्बर तक किया जा रहा है। गरबा सहित आगे के सभी आयोजनों की समस्त जानकारी, रजिस्ट्रेशन, फोटोस व विडियो वेबसाइट में अपलोड किया जाएगा। वेबसाइट लांच करने के पश्चात विधायक ने इस पहल की सराहना करते हुए स्वयं गुगल में वेबसाइट ओपन करने की बात कही। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष राजेंद्र चंद्रवंशी, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती मंजूला देवी कुर्रे, जनपद पंचायत अध्यक्ष अंजनी साहू, सीएमओ नगर पालिका परिषद, बीएमओ पंडरिया, गणमान्य जनप्रतिनिधि, संस्कृति ग्रुप की महिलाएं सहित अनेक लोग उपस्थित थें।

#### मां कर्मा की आराधना के बाद पीजी कॉलेज में सामाजिक सम्मेलन का आयोजन

# सामाजिक एकता से होती है समाज की जड़ मजबूत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कवर्धा

प्रदेश साहू संघ के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष डॉ नीरेन्द्र साहू का प्रथम कवर्धा आगमन पर जिला साहू संघ द्वारा भव्य रूप से स्वागत एवं अभिनंदन किया। विशाल बाइक एवं कार रैली के साथ कवर्धा के प्रमुख मार्ग से होते हुए साहू छात्रावास कवर्धा में मां कर्मा की पूजन आराधना के बाद पीजी कॉलेज में सामाजिक सम्मेलन को संबोधित किया। उनके साथ प्रदेश उपाध्यक्ष सत्यप्रकाश साहू, तिलक साहू, श्रीमती साधना साहू संगठन सचिव, सुनील साहू, चंद्रवती साहू संयुक्त सचिव एवं प्रदीप साहू का जिला साहू संघ के युवा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष खिलेश्वर साहू के नेतृत्व में विशाल बाइक रैली का आयोजन किया गया। जिसमें हजारो की संख्या में युवाओ एवं महिलाओं ने मां कर्मा की जयकारा लगाते हुए आगे बढ़े। रायपुर रोड नहर पार से प्रारंभ कर पीजी कॉलेज में रैली का समापन किया गया। पीजी कॉलेज आडिटोरियम में कार्यक्रम का प्रारंभ मां कर्मा की पूजन आराधना के बाद प्रारंभ की गई। प्रदेश अध्यक्ष डॉ नीरेन्द्र साहू ने अपने संबोधन में कहा कि समाज में एकता बहुत जरूरी है तभी समाज की एकजुटता और ताकत दिखती है। हमारे समाज के द्वारा बनाए गए नियमों का पालन ग्रामीण स्तर से हो। वर्तमान में सभी संपन्न ग्रामीण अध्यक्ष की नियुक्ति पर बधाई और शुभकामनाएं प्रेषित की। उन्होने ने कहा कि बड़े बुजुर्गो को नई पीढ़ी को प्रेम और आपसी भाईचारे की शिक्षा बचपन से ही देनी होगी। समाज को एकजुटता करना और पारस्परिक भेदभाव को समाप्त करना है यह कार्य सामूहिक रूप से ही संभव है। लोगों को जागरूक होने की जरूरत है। समाज में एकता और समरसता का भाव तभी पैदा होगा जब समाज के सभी लोग शिक्षित होने के साथ जागरूक होंगे। सभा को संबोधित करते हुए डॉ सियाराम साहू ने कहा कि कवर्धा के साहू समाज संगठित और सामजस्य बनाने में हमेशा एक कदम आगे है। समाज के द्वारा बहुत से प्रेरणादायी कार्य किया जा रहा है जो अन्य लोगों के लिए अनुकरणीय है। उपाध्यक्ष सत्यप्रकाश साहू सहित अतिथियों ने संबोधित किया। कार्यक्रम का सफल संचालन धर्मराज साहू महामंत्री द्वारा किया गया। कार्यक्रम में डॉ सियाराम साहू, विष्णु साहू, घुरूवाराम साहू, शीतल साहू, भोलाराम साहू, पतिराम साहू, ईश्वरी साहू, घनश्याम साहू, रमेश साहू, उदेराम साहू, मानसिंह साहू, डॉ खेमराज साहू, बालाराम साहू, मनीराम साहू सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता गण उपस्थित थें।



**हकीकत:** ग्राम जामुनपानी में वनभूमि पर खेती के लिए मिला था पट्टा, चर्च बनाने के लिए नहीं, जांच में खुलासा

# शब्दों की आड़ में खंडन के बहाने खबरों की गंभीरता कम करने का प्रयास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोदवागोड़ान

कबीरधाम जिले के पंडरिया विकासखंड में वनभूमि पर अवैध चर्च निर्माण की खबरों पर मचे बवाल के बीच सच्चाई सामने आ गई है। मिली जानकारी के अनुसार, जामुनपानी में जो चर्च बना है, वह सामान्य वन मंडल नहीं बल्कि वन विकास निगम की भूमि पर स्थित है। लेकिन है तो वन भूमि ही और फिर विभाग चाहे वन विकास निगम हो अथवा सामान्य वन मंडल, संबोधन तो वन विभाग के रूप में ही किया जाएगा।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जांच में यह तथ्य स्पष्ट हुआ है कि इस क्षेत्र की जमीन पर वनवासियों को जीवन-यापन और खेती के लिए पट्टा दिया गया था, न कि चर्च या किसी भी प्रकार की धार्मिक संरचना बनाने के लिए। मिली जानकारी अनुसार वन परिक्षेत्र अधिकारी पंडरिया पूर्व ने अपने प्रतिवेदन में भी साफ उल्लेख किया है कि संबंधित भूमि वन विभाग के अधीन नहीं है, बल्कि वन विकास निगम के क्षेत्र में आती है। वास्तविक मुद्दा धार्मिक ढांचा नहीं बल्कि लगातार हो रही अवैध कटाई और जंगलों की दुर्दशा है। पंडरिया के बंदौरा और जामुन पानी जैसे इलाके पहले वन विभाग के अधिकार क्षेत्र में थे, लेकिन जंगल खत्म होने की कगार पर पहुंचने के बाद इन्हें निगम के हवाले कर दिया गया।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि पट्टे का मकसद वनवासियों को खेती-बाड़ी से जीवनयापन का साधन उपलब्ध कराना था, लेकिन निगम की लापरवाही और निगरानी की कमी से हालात बिगड़े और विवाद की नौबत आई। अखबारों मे कहीं सामान्य वन मंडल नहीं बल्कि वनविभाग अथवा वन भूमि का उल्लेख किया गया है। ऐसे में अधिकारी बताएं कि शासकीय जंगल के कर्मचारियों को वन विभाग कहना गलत कैसे हुआ? और उन्हें खंडन करने की इतनी शीघ्रता क्यों हुई? वनमण्डलाधिकारी द्वारा वनभूमि पर अवैध चर्च के निर्माण संबंधी समाचारों का खण्डन किया जाना विभाग को पाक साफ बताना और लोगों को गुमराह करना ही है। क्या डीएफओ साहब यह मानते हैं कि वन विकास निगम के अधिकार वाले जंगलों और जमीन को वनभूमि नहीं कहा जा सकता?

शासन की व्यवस्था के तहत वन विभाग को भले ही सामान्य वन मंडल और वन विकास निगम का नाम देकर दो भागों में विभाजित कर दिया गया हो लेकिन है तो दोनों ही वनविभाग और विभागीय लोगों के अलावा आम और खास में अधिकांश लोगों को इस संबंध ठीक से जानकारी ही नहीं है। इसीलिए आम बोल चाल में शासकीय जंगलों और उससे संबंधित कर्मचारियों को लेकर सिर्फ वन विभाग और वनकर्मी ही बोला जाता है। इसी तरह वनभूमि का भी उल्लेख होता है। भारतीय सेना के तीन अंग होते हैं लेकिन थल, जल और वायु सेना के बावजूद भारतीय सेना और सैनिक ही लिखा बोला जाता है।

वनमंडलाधिकारी द्वारा जारी खंडन में अगर यह भी स्पष्ट किया जाता कि जामुनपानी बस्ती सामान्य वन मंडल में नहीं बल्कि वनविकास निगम के क्षेत्र में आता है तो अच्छा होता। ऐसा करने से लोगों को यह तो पता चलता कि विभाग का एक ऐसा अदृश्य भाग भी है जिसका नाम तो वन विकास निगम है लेकिन जिसने अपना दायित्व वनविनाश को मान लिया है।

### सत्य को असत्य साबित करने में तुला विभाग




शब्दों के भंवरजाल में उलझा कर अपने बचाव में खबरों को असत्य साबित करते हुए उसकी गंभीरता को कम करने का प्रयास पहले भी विभाग की ओर से किए गए हैं। वन अधिकार की आड़ में वनों के अंधाधुंध अवैध विनाश और वन भूमि पर हुए और हो रहे अतिक्रमणों को लेकर प्रकाशित खबरों का खण्डन करने का प्रयास पूर्व में इसी तरह वन विभाग और वन विकास के नाम पर किया गया था। कभी इसी तरह त्वरित कार्यवाही अपने विभाग चल रही अनियमितताओं और मुख्यालय से हमेशा गायब रहने वाले कर्मियों पर की जाती तो विभाग की छवि पर चार चांद लग जाते।

### वनांचल में हो रहे अवैध रेत खनन पर विभाग डाल रहा पर्दा

यहां बताना लाजिमी होगा की अभी हाल ही में वन विभाग द्वारा वनांचल में स्थित नदी, नालों से अवैध रेत खनन के मामले में प्रकाशित खबर को भी बकायदा जनसंपर्क विभाग के माध्यम से बयान जारी कर असत्य बताने का प्रयास किया था जबकि वास्तविकता यह है कि यह अवैध कृत्य समूचे वनांचल में बदस्तूर जारी है। वन विभाग की सफाई के दो दिन बाद ही जिले के तरेगांव क्षेत्र के ग्राम झूमरछापर में अवैध रेत खनन के दौरान आई बाढ़ में दो ट्रैक्टर ट्राली और कुछ ग्रामीण बह गए थे। ऐसे में बड़ा सवाल यही उठता है कि नदी में ग्रामीण ट्रैक्टर को नहलाने गए थे या खुद नहाने गए थे या फिर ट्रैक्टर ट्राली में रेत भरकर लाने गए थे।

## इलाज के अभाव में छात्र की मौत, परिजनों ने लगाए आरोप



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

बालक छात्रावास कुई कुकदूर में चौथी कक्षा में अध्ययनरत 12 वर्षीय छात्र मनेश की मौत से क्षेत्र में गहरा आक्रोश फैल गया है। जानकारी के अनुसार, मनेश को अचानक पेट में तेज दर्द उठा। इस पर छात्रावास अधीक्षक ने केवल परिजनों को सूचना देकर बच्चे को घर भेज दिया। अगले ही दिन बच्चे की मौत हो गई। इस घटना को लेकर मृतक बालक के पिता का कहना है कि यदि अधीक्षक बच्चे को अस्पताल लेकर जाते तो शायद उसकी जान बच सकती थी। वहीं ग्रामीण कामू बैगा ने कहा राष्ट्रपति के दत्तक पुत्र कहे जाने वाले बैगा परिवार का आज कोई सुध लेने वाला नहीं है। अधीक्षक ने यह सोचकर लापरवाही की कि रविवार को अस्पताल में इलाज नहीं होता, जिसके कारण यह मासूम अब हमारे बीच नहीं रहा। कामू बैगा ने आगे कहा कि कुई कुकदूर आस-पास के सभी ग्रामों का मुख्यालय है। यहां बाजार, बैंकिंग, स्वास्थ्य और किराना जैसी सभी सुविधाएं उपलब्ध हैं, जिनके लिए बैगा आदिवासी परिवार यहां ही आते हैं। ऐसे में 20 किलो मीटर दूर से बच्चे के परिजनों को बुलाना और अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लेना अधीक्षक का गैर-जिम्मेदाराना कृत्य है। इस पूरे मामले की जांच कर दोषियों पर कार्यवाही की जाए और पीड़ित परिवार को न्याय मिले, अन्यथा बैगा समाज उग्र आंदोलन करने को बाध्य होगा। वहीं दूसरी तरफ छात्रावास अधीक्षक गणेश राम डहरिया ने कहा मैं 2011 से प्रभारी अधीक्षक हूं। पहले जब बच्चों को अस्पताल भेजते थे तो रविवार को इलाज नहीं होता था। इसी वजह से इस बार बच्चे को अस्पताल नहीं भेजा। संभव है कि अस्पताल ले जाते तो स्थिति कुछ और होती। लेकिन दूसरी तरफ अस्पताल प्रबंधक डॉ. प्रसंगिना ने अधीक्षक की दलील को गलत ठहराया और कहा अस्पताल में कभी भी इलाज बंद नहीं रहता। रविवार को भी डॉक्टर और कर्मचारी ड्यूटी पर मौजूद रहते हैं। गंभीर मरीजों को भर्ती कर बेहतर इलाज उपलब्ध कराया जाता है। रविवार को इलाज बंद होने की अधीक्षक की दलील पर अस्पताल प्रबंधन ने सवाल उठाए हैं।

## खबर संक्षेप



### जरूरतमंद परिवार के अन्नपूर्णा मुहिम की मदद

**कवर्धा।** जिले के सहसपुर लोहारा तहसील स्थित ग्राम खोलवा में एक विकलांग युवक और उसकी मानसिक रूप से अस्वस्थ मां की दयनीय स्थिति को देखते हुए संत रामपाल महाराज की अन्नपूर्णा मुहिम ने मदद का हाथ बढ़ाया है। परिवार के पास आय का कोई स्थिर स्त्रोत नहीं है और वे दूसरों की सहायता पर निर्भर हैं। जानकारी के अनुसार, 20 वर्षीय हुलस कुमार धुर्वे 2021 में एक दुर्घटना का शिकार हो गया था, जिसके बाद उसके पैर में रॉड लगी है। आर्थिक तंगी के कारण वह इलाज के लिए 60,000 की राशि जुटाने में असमर्थ है, जिससे वह कोई काम नहीं कर पाता। बेटे के इसी हादसे के सदमे से उसकी 64 वर्षीय मां जनक बाई की मानसिक स्थिति भी बिगड़ गई है। परिवार का गुजारा मां को मिलने वाली 1000 पेंशन और सरकारी राशन पर निर्भर है। इस स्थिति की जानकारी मिलने पर अन्नपूर्णा मुहिम' के तहत संत रामपाल महाराज ने उन तक राशन और कपड़े निःशुल्क उपलब्ध करवाएं, जिससे परिवार को तत्काल राहत मिली है।

### रजत जयंती पर नगर में निकाली गई रैली



**पाण्डातराई।** नगर में छत्तीसगढ़ राज्य गठन के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष में वर्ष 2025-26 को रजत जयंती वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। इस अवसर पर 25 वर्षो की यात्रा को प्रदर्शित करते हुए आज स्वच्छता ही सेवा के अंतर्गत नगर में विभिन्न प्रकार के आयोजन किए गए। नगर पंचायत के द्वारा रैली निकालकर स्वच्छता का संदेश दिया गया। वार्ड क्रमांक 4 बीएसएनल टावर के पास साफ सफाई किया गया। नगर पंचायत कार्यालय भवन में स्वच्छता के लिए शपथ दिलाई गई वहीं तालाबों एवं धार्मिक स्थलों में भी साफ सफाई की गई। इस अवसर पर नगर पंचायत मुख्य नगर पालिका अधिकारी अभिषेक सिह, अध्यक्ष सरिता सोनी, उपाध्यक्ष मनोज ठाकुर सेवा सहकारी समिति अध्यक्ष अजय गिरी, दिनेश गुप्ता, शिवशहाय गुप्ता सहित पार्षद व नगरवासी पर उपस्थित थे।

# अशोका स्कूल में सीडीआरएफ का मॉकड्रील

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



महानिदेशक अटल नगर नया रायपुर के आदेशानुसार जिला अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवाएं एसडीआरएफ अधिकारी नागेन्द्र कुमार सिंह के मार्गदर्शन में जिले के अलग-अलग स्कूलों में अग्निशामक यंत्रों से आग बुझाने एवं आग से बचने बचाने की जानकारी अग्निशमन रेस्क्यू टीम ने आज अशोका पब्लिक स्कूल कवर्धा जिला कबीरधाम के स्कूली विद्यार्थियों व शिक्षक जनों एवं वाहन चालक, परिचालक, मेश स्टाफ अन्य नागरिकों ने प्रशिक्षण में उपस्थित होकर प्रशिक्षण प्राप्त किया। सर्वप्रथम रेस्क्यू टीम का स्वागत विद्यालय के संचालक पवन देवांगन एवं संचालिका श्रीमती सारिका देवांगन, प्राचार्य एसएल नापित एवं प्राचार्य लोकनाथ देवांगन द्वारा किया गया। इस प्रशिक्षण में आग के प्रकार एवं उनको बुझाने की विधि, अग्निशामक यंत्र कितने प्रकार के होते है एवं कौन सी यंत्र का उपयोग कहां करना है इसकी जानकारी देते हुए इसके प्रयोग के बारे में प्रशिक्षण दिया गया। इसके अतिरिक्त यदि अस्पताल में अग्नि दुर्घटना हो गई तो ऐसी आपातकालीन स्थिति में रूम के अंदर फंसे बच्चों का रेस्क्यू कर सुरक्षित स्थान पर लाना है। प्रशिक्षण में वाहन में स्थापित फायर उपकरण जैसे एबीसी, सीओटू, फोम, वाटर सोडा एक्सटिंग्विशर के कलर व उपयोग, हाइड्रेन, हाजरील, डिलवरी हॉज बाक्स, शार्ट ब्रांच, फायर अलार्म, रेत, पानी से भरी हुई बाल्टी, स्मोक डिटेकटर टोल फ्री नम्बर न101/112 के प्रयोग के बारे में बताते हुए डेमों देकर अभ्यास भी कराया गया। इसमें गैंस सलेंडर में आग की स्थिति में बचाव करना सिखाया गया। विद्यालय संचालक पवन देवांगन के द्वारा इस प्रशिक्षण दल में नायक शशि कपूर झरिया नायक, विकास तिवारी सैनिक, डीसीपीओ सुरेन्द्र कुमार धुर्वे, फायरमेन राजेश बघेल, नंद कुमार ने सफल प्रदर्शन कर प्रशिक्षण के लिए एवं जिला अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवाएं नगर सेना कवर्धा कबीरधाम की पूरी टीम को बधाई देकर आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सीडीआरएफ टीम के द्वारा यह कार्य बहुत ज्यादा सराहनीय एवं महत्वपूर्ण है इससे बच्चों में,युवा पीढ़ी में जागरूकता आएगा निश्चित रूप से मॉकडील कामगार सिद्ध हुआ। हमारे विद्यालय के सभी विधार्थियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिए और मॉकड्रील में भी अपनी सहभागिता दिए।

## हाईस्कूल छिरहा के विद्यार्थियों को निःशुल्क ड्रेस वितरित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिले के कवर्धा ब्लॉक अंतर्गत आने वाले शासकीय हाई स्कूल छिरहा में 6 जरूरतमंद विद्यार्थियों को निःशुल्क स्कूल ड्रेस वितरित किया गया। यह पहल विद्यार्थियों की शिक्षा को और सुगम बनाने के उद्देश्य से की किया गया है।

इनमें तीन लड़के और तीन लड़कियां शामिल हैं, जिन्हें स्कूल के प्राचार्य डॉ. रमेश चन्द्रवंशी ने अपने हाथों से ड्रेस सौंपा। ड्रेस वितरण के दौरान प्राचार्य डॉ. चन्द्रवंशी ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि विद्यालय का लक्ष्य है कि हर बच्चे को बेहतर सुविधा मिले ताकि उनकी पढ़ाई बिना किसी रुकावट के चलती रहे। उन्होंने सभी छात्रों से कड़ी मेहनत करने और आगामी परीक्षाओं में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. रमेश चन्द्रवंशी, व्याख्याता कल्पना मरावी, रंजीता माहेश्वरी, वीणाक्षी नामदेव एवं छात्र-छत्राएं उपस्थित थे।

## स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत स्वच्छता का संकल्प



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बोड़ला

स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत नगर पंचायत में स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सीएमओ, पार्षद, अधिकारी-कर्मचारी तथा सभी सफाईकर्मी उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत शपथ ग्रहण से हुई, जिसमें सभी ने संकल्प लिया कि वे स्वयं से शुरुआत कर नगर को स्वच्छ रखने में सक्रिय भूमिका निभाएंगे। अधिकारियों ने कहा कि स्वच्छता केवल सफाई कर्मचारियों की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि नगर के प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। इस दौरान नगर पंचायत टीम ने मुख्य मार्गों, गलियों और सार्वजनिक स्थलों पर साफ-सफाई कर संदेश दिया कि स्वच्छता को जीवनशैली बनाना ही स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत की दिशा में पहला कदम है। कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने नागरिकों से अपील की कि वे कचरा इधर-उधर न फैलाएं, गीला और सूखा कचरा अलग रखें तथा खुले में शौच न करें।

# केसीसी के जरिए किसान से 16.50 लाख रुपए की धोखाधड़ी

## कुकदुर पुलिस ने गिरफ्तार किए दो आरोपी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

कुकदुर पुलिस ने वित्तीय धोखाधड़ी के एक बड़े मामले का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस प्रकरण में कुल 16.50 लाख रुपये के केसीसी लोन की राशि का दुरुपयोग कर प्रार्थी के साथ धोखाधड़ी की गई थी।

इस संबंध में कुकदुर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी गणेश राम धुर्वे, निवासी ग्राम बुचीपारा थाना पंडरिया, जिला कबीरधाम ने गत 24 फरवरी 2025 को थाना कुकदुर में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि माह जुलाई 2024 में नेतराम डहरिया नामक व्यक्ति ने अपने आप को बैंक का लोन एजेंट बताकर प्रार्थी से उसके कृषि भूमि के दस्तावेज एवं हस्ताक्षर प्राप्त किए। इसके बाद उसने अपने साथी बैंक कर्मी के साथ मिलकर प्रार्थी के नाम पर 16.50 लाख रुपए का केसीसी लोन स्वीकृत कराया और इस राशि को प्रार्थी के बैंक खाते से एटीएम व ऑनलाइन माध्यम से स्वयं आहरित कर लिया।

इस रिपोर्ट पर थाना कुकदुर में अपराध क्रमांक 29/2025 धारा 318(4), 3(5) बीएनएस. 2023 एवं धारा 66(सी) आईटी एक्ट 2000 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान प्रार्थी एवं गवाहों के कथन लेखबद्ध किए गए। एक्सिस बैंक शाखा कवर्धा से प्रार्थी के केसीसी लोन खाता एवं सेविंग खाता से संबंधित दस्तावेज, एकाउंट ओपनिंग फॉर्म एवं ट्रांजेक्शन डिटेल जप्त की गई। इसी प्रकार यूनियन बैंक ऑफ इंडिया शाखा चंदनीडीह रायपुर से आरोपी गिरीश कुमार वर्मा के सेविंग खाता का एकाउंट ओपनिंग फॉर्म एवं ट्रांजेक्शन डिटेल जप्त किए गए। विवेचना के दौरान पुलिस ने आरोपी गिरीश कुमार वर्मा निवासी कुम्हारी, जिला दुर्ग तथा नेतराम डहरिया निवासी इंदौरी, जिला कबीरधाम को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जिला जेल कबीरधाम भेज दिया है। यह कार्रवाई कबीरधाम जिले के पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र बघेल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल तथा पुलिस अनुविभागीय अधिकारी पंडरिया भूपत सिंह के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कुकदुर निरीक्षक आशीष कंसारी एवं थाना स्तर पर गठित पुलिस टीम द्वारा की गई। कबीरधाम पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि किसी भी प्रकार का लोन लेने या दस्तावेज उपलब्ध कराने से पूर्व उसकी सत्यता की पुष्टि स्वयं संबंधित बैंक शाखा में जाकर करें तथा किसी संदिग्ध व्यक्ति द्वारा इस प्रकार के कार्य किए जाने पर तत्काल नजदीकी पुलिस थाना को सूचित करें।

### भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमाएं की गई विसर्जित

कवर्धा। नगर में 17 सितम्बर को भगवान विश्वकर्मा की जयंती बनाए जाने के बाद गुरूवार को बकायदा शोभायात्रा निकालकर प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया।

## ग्राम भोंदा में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बोड़ला

जिले के विकासखण्ड बोड़ला अंतर्गत ग्राम भोंदा में गुरूवार को स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष विदेशी राम व सरपंच कुंजबाई गेंदलाल पटेल, उपस्थित थे। इस कार्यक्रम का नेतृत्व सेक्टर सुपरवाइजर शोभाराम निषाद तथा श्रीमती सी बिलौहा द्वारा किया गया। जिन्होने शिविर में उपस्थित महिलाओं में जागरूकता बढ़ाने के लिए माहवारी स्वच्छता एवं महिलाओं की स्वास्थ्य देखभाल, टीकाकरण एवं जननी सुरक्षा योजना की जानकारी, आयुष्मान कार्ड और वयवंदन योजना का लाभ टीबी, कैंसर, बीपी, शुगर, सिकलसेल की जांच एवं रोकथाम महिलाओं एवं बच्चों के पोषण से जुड़ी जानकारी दी गई है। शिविर में ओपीडी के 96, बीपी के 81, शुगर के 81, एएनसी के 22 टीबी स्क्रीनिंग 9, सिकल सेल जांच 14, परिवार नियोजन परामर्श 10 को लिया गया। आयुष्मान कार्ड वितरण 15 बच्चों का कुर्सी दौड़ जैसे रोचक खेलों का भी आयोजन किया गया साथ ही सरपंच द्वारा बच्चों की बिस्किट और चॉकलेट दी गई। किशोरी बालिकाओं को माहवारी स्वच्छता के बारे में बताया गया। तथा नियमित व्यायाम एवं योग के बारे में जानकारी दी गई। शिविर को सफल बनाने में नीतीश साहू, अल्पना राजपूत, प्रियंकेश मानिकपुरी, सीमा साहू, गायत्री मरकाम आदि कर्मचारियों ने अपना सहयोग दिया।

**नगर में सभा व रैली निकालकर राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन, भरी हुंकार**

# गौ माता को राष्ट्र माता का दर्जा दिलाने गौ भक्तों ने शुरू किया अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत गौ माता को राष्ट्र माता का दर्जा दिलाने गौ भक्तों ने अपने अभियान का शुभारंभ गुरूवार को जिला मुख्यालय कवर्धा से किया। इस अभियान के तहत गुरूवार को जिला मुख्यालय कवर्धा में विशाल सभा का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से दंडी स्वामी ज्योतिर्मयानंद सरस्वती महाराज के नेतृत्व में बड़ी संख्या में गौ भक्त जुटे और उन्होने गौ माता को राष्ट्र माता का दर्जा दिए जाने हुकार भरी। इस अवसर पर दण्डी स्वामी ने कहा कि गौ माता सनाततन धर्म की प्राण हिन्दूओं की आस्था एवं भगवत तुल्य है। पूरे भारतवर्ष में गौ को माता मानते हैं एवं पौराणिक काल से गौ को माता का दर्जा प्राप्त है। लेकिन शासन प्रशासन के द्वारा संरक्षण नहीं होने से आज लाखो गौवंश बेधड़क काटी एवं मारी जा रही है। सनातन हिन्दू धर्म के लोगों के द्वारा वर्षों से गौ को राष्ट्रमाता के रूप में घोषित करने की मांग की जा रही है लेकिन कुछ विधर्मियों के द्वारा गौ माता को राष्ट्रमाता का दर्जा देने में अवरुद्ध उत्पन्न किए जा रहे है। जबकि यह सर्वविधित है कि गौ माता है तो दुनिया है। अगर गौ माता नहीं होगी तो आज पूरी जमीन बंजर हो जायेगी एवं दुनिया खत्म हो जायेगी। सभा को अन्य गौ भक्तों ने भी संबोधित किया। सभा के बाद गौ भक्तों ने हाथो में बैनर पोस्टर लेकर विशाल रैली निकाली और जिला मुख्यालय पहुंचकर कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। इस अवसर बड़ी संख्या में गौ भक्त उपस्थित थे। गौ भक्तों ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द ही इस मांग को पूरा करते हुए गौ माता को राष्ट्र माता का दर्जा नहीं दिया गया तो आने वाले दिनो में बड11 आंदोलन सामने आएगा।